प्रेस नोट
थाना साइबर क्राइम, झाँसी

दिनांक - 08.03.2025

E-mail - sho-cybercrime.jh@up.gov.in, cybercrimejh-up@nic.in

Whatsapp Mobile Number- +917839876648, +919454409751

“सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराध रोकने का उपाय है”

साइबर फ्राड से सम्बन्धित 50,000/- रुपए बरामद-

पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन व पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम (झाँसी) श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम (झाँसी) श्री आलोक कुमार के पर्यवेक्षण में थाना साइबर अपराध/साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम व बचाव हेतु स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, सभागार आदि सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के सम्बन्ध में आमजनमानस को जागरुक करने व लोगों के साथ हुई साइबर फ्राड की घटना में कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से साइबर फ्राड की धनराशि बरामद कर पीडितों के खाता में वापस कराने के क्रम में आज दिनाँक 08.03.2025 को **आवेदिका कु0 साक्षी निवासी झाँसी के साथ धोखाधडी हुई धनराशि में से 20,000/- रुपये व आवेदक राजकुमार निवासी झाँसी के साथ हुई धोखाधडी में से 30,000/- रुपये की धनराशि (कुल 50,000/- रुपये) को बरामद** कराया गया।

बरामद धनराशि-50,000/- रुपये

बरामद कराने वाली टीम का विवरण-

1. निरीक्षक श्री प्रवीण कुमार, थाना साइबर क्राइम जनपद झाँसी
2. हे.का. 407 वीरविक्रम सिंह, थाना साइबर क्राइम जनपद झाँसी
3. का. 14 जगदीशचन्द्र थाना साइबर क्राइम जनपद झाँसी

****साइबर अपराध होने पर तुरन्त 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें ****